नमूने का प्रश्न पत्र

समय: 3 घंटे 15 मिनट　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　कुल अंक : 100

सूचनाएं: 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

**I.** अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में <u>किन्ही **6**</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए**: (6 X 1 = 6)**

1) सुजान ने गांव में क्या बनवाया ?
2) कटिया का ढेर देखकर कौन दंग रह गई ?
3) कर्तव्य किस पर निर्भर है ?
4) लेखक मकर संक्रांति के दिन कहां थे ?
5) गंगा मैया ने सत्य को क्या कहा है ?
6) कॉलेज से किस का पत्र आया ?
7) शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है ?
8) विश्वेश्वरैया किस के बड़े पाबंद थे ?
9) कावेरी नदी का बांध किस नाम से मशहूर है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही **3**</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए **: (3 X 3 = 9)**

10) सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठकर क्या सोचता है ?

अथवा

सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार फिर कैसे प्राप्त करता है ?

11) "कर्तव्य पालन और सत्यता के बीच धनिष्ठा संबंध है |" कैसे ? स्पष्ट कीजिए |

12) समाज में कौन-कौन सी समस्याएं बढ़ रही है ?

13) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए |

अथवा

पड़ोस कल्चर के बारे में लेखिका क्या कहती है ?

14) विश्वेश्वरैया की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे ?

**II.** अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहें **?** <u>किन्ही **4**</u> **(4 X 1 = 4)**

15) "दिन भर एक न एक खुचड निकालते रहते हैं |"
16) "धर्म के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं |"

17) “बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा |”

18) “हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?”

19) “यू हैव मिस्ड समथिंग |”

20) “लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना |”

आ) निम्नलिखित में से <u>किन्ही 2</u> का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 X 3 = 6)**

21) ‘आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करें |’

22) ‘जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पडते हैं |’

23) ‘एक बार जब जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता |’

24) ‘पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढ़ी-लिखी मां |’

अथवा

‘यह लड़की मुझे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रखेगी |’

**III.** अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में <u>किन्ही 6</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(6 X 1 = 6)**

25) चकोर पक्षी किसे देखता रहता है ?

26) रैदास अपने आप को किस का सेवक मानते हैं ?

27) वाणी कहां रह गई ?

28) कृष्ण के कान में किस आकर का कुंडल है ?

29) मुस्काते फूल को क्या आना चाहिए ?

30) बेटी किन्हे गहने मानती है ?

31) कौन रहा रोकता है ?

32) कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है ?

33) देश को किस से बचाना है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही 2</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 X 3 = 6)**

34) परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार है ?

35) कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती है ?

36) बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती ?

37) ‘कायर मत बन’ कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?

38) वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए |

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 X 4 = 8)**

39) अब कैसे छूटे राम रट लागी |
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग अंग बास समानी |

अथवा

उद्धव हम आजू भई बड़-भागी |
जिन अखियां तुम श्याम बिलोके, ते अखियां हम लागी |
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी |
अति आनंद होत है तैसे, अंग अंग सुख रागी |

40) ताकि दिखाई दो सुंदर, बहुत ही सुंदर यो कहती हो
सुंदर लगे किसको, कहो मां ?
देखने वालों को लगता है सुंदर, देता है आनंद ;
मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन !

अथवा

ले-देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आंसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगो तक खून पसीना |

अथवा

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था -
वही बूढा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात |

**IV.** अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में <u>किन्ही **5**</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5 X 1 = 5)**

41) नौकरो से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए ?
42) दादाजी के अनुसार उनका परिवार किस पेड़ के समान है ?
43) दादाजी किसके हक में है ?
44) ‘सूखी डाली’ के एकांकीकार का नाम लिखिए |
45) संस्कृत के महा पंडित कौन है ?
46) सुशीला किस के लिए बेचैन है ?
47) पुत्र को कौन निर्वासित नहीं कर सकता ?
48) कवि किस पर शासन कर सकता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही 2</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 X 5 = 10)**

49) दादाजी का चरित्र चित्रण कीजिए |

अथवा

बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए |

अथवा

कर्मचंद ने पेड़ से एक डाली टूट कर अलग होने की बात क्यों कही ?

50) महाकवि भारवि का चरित्र चित्रण कीजिए |

अथवा

भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था ?

अथवा

भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए |

**V.** अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **(4 X 1 = 4)**

51) i) उसे दिखावा नहीं रुचती है |

ii) मन में ऐसा शक्ति है |

iii) अध्यापक जी पड़ा रहा है |

iv) सुनिए, अंदर चले जाओ |

आ) कोष्टक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : **(4 X 1 = 4)**

( का, मे, को, ने, से)

52) i) हम लोग बाग ____ घूमेंगे |

ii) हाथ ______ गिलास छूट गया |

iii) पंडितों _____ दान दो |

iv) यह संकोच _____ युग नहीं है |

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **(3 X 1 = 3)**

53) i) मोहित कल फिल्म देखने जाएगा | (भूतकाल में बदलिए)

ii) माली पौधों को पानी दे रहा है | (भविष्यत काल में बदलिए)

iii) मुझे डर लग रहा था | (वर्तमान काल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(4 X 1 = 4)**

| | |
|---|---|
| 54) i) आग बबूला होना | बहुत खुश हो |
| ii) तार देना | आरंभ करना |
| iii) फूला ना समाना | रक्षा करना |
| iv) नीव डालना | क्रोधित होना |

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : **(3 X 1 = 3)**

55) i) अभिनेता
ii) भगवान
iii) मोर

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **(3 X 1 = 3)**

56) i) जिसका कोई आधार न हो |
ii) कम खाने वाला |
iii) जिसमे दया न हो |

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **(2 X 1 = 2)**

57) i) क्रमण
ii) शिक्षित

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : **(2 X 1 = 2)**

58) i) मददगार
ii) महत्वपूर्ण

**VI.** अ) <u>किसी 1</u> विषय पर निबंध लिखिए : **(1 X 5 = 5)**

59) i) a) सहशिक्षा
b) समय और उसका सदुपयोग
c) स्त्री शिक्षा
d) समाज सेवा

अथवा

ii) परीक्षा शुल्क भरने के लिए ₹500 मांगते हुए अपने पिता के नाम पत्र लिखिए |

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5 X 1 = 5)**

60) हिंदी के प्रसिद्ध कवि है - मलिक मोहम्मद जायसी | उन्होंने अवधी भाषा में 'पद्मावत' ग्रंथ लिखा था | जो बहुत प्रसिद्ध हुआ | सुंदर साहित्य की रचना करने वाले जायसी स्वयं बहुत कुरूप थे | उनकी एक आंख खराब थी | एक बार शेरशाह सूरी ने उन्हें अपने दिल्ली दरबार में आमंत्रित किया | जैसे ही जायसी वहां पहुंचे उनकी कुरूपता देखकर कुछ लोग हंस पड़े | वे समझ गए कि दरबारी उनकी एक आंख तथा चेहरे की बदसूरती पर हंस रहे हैं | जायसी ने गंभीरता पूर्वक प्रश्नकिया - "आप लोग किस पर हंस रहे हैं? मुझ पर या मुझे बनाने वाले पर?" यह सुनते ही हंसने वाले चुप हो गए | अपनी गलती पर उनके सिर शर्म से नीचे झुक गए |

प्रश्न: i) जायसी ने किस भाषा मे 'पद्मावत' ग्रंथ की रचना की थी ?

ii) किस राजा ने जायसी को दरबार में आमंत्रित किया था ?

iii) दरबारियों के हंसने का क्या कारण था ?

iv) जायसी के चेहरे पर हंसने वाले शर्मिंदा क्यों हुए ?

v) इस गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए |

इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए : <u>(किन्ही 5)</u> **(5 X 1 = 5)**

61) i) ಶಾಲೆಗಳು ಕಲಿಕೆಯ ಅಡಿಪಾಯ.

Schools are the foundation of learning.

ii) ನಾನು ಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಾಗಿ ಬಹಳಷ್ಟು ಹಣವನ್ನು ಖರ್ಚು ಮಾಡಿದ್ದೇನೆ.

I spent a lot of money on books.

iii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರವಿಲ್ಲದೆ ಯಶಸ್ಸು ಇಲ್ಲ.

There is no success without hardwork.

iv) ಬೌದ್ಧಧರ್ಮವನ್ನು ಗೌತಮ ಬುದ್ಧ ಸ್ಥಾಪಿಸಿದ.

Buddhism was founded by Gautham Buddha.

v) ನಾವು ಕಳೆದ ತಿಂಗಳು ಗ್ರಾಮಕ್ಕೆ ಹೋಗಿದ್ದೆವು.

We went to the village last month.

vi) ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ರೈಲಿನಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣಿಸಿದ್ದೀರಾ?

Have you ever travelled by train?

vii) ನಾವು ಎಲ್ಲಾ ಧರ್ಮಗಳನ್ನು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

We should respect all religions.

viii) ಭಾರತ ಒಂದು ಕೃಷಿ ದೇಶ.

India is an agricultural country.